Class 8 Maths Important Questions Chapter 4 आँकड़ो का प्रबंधन

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
बारम्बारता से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
किसी प्रविष्टि की बारम्बारता वह संख्या है जितनी बार वह प्रविष्टि आँकड़ों में आती है।

प्रश्न 2.
आयत चित्र की दो विशेषताएँ लिखो।
उत्तर:

- क्षैतिज अक्ष पर वर्ग अन्तरालों को दर्शाया जाता है।
- दण्डों की लम्बाइयाँ वर्ग अन्तरालों की बारम्बारता को दर्शाती हैं।

प्रश्न 3.
निम्नलिखित आँकड़ों से एक पाई चार्ट बनाइए(अन्य क्रियाएँ न दें)

महक (स्वाद)	चॉकलेट	वनीला	अन्य प्रकार
महकों (स्वादों) को पसन्द करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत	50%	25%	25%

उत्तर:



प्रश्न 4.
10-20 की निम्न वर्ग सीमा तथा उच्च वर्ग
सीमा बताइए।

उत्तर:
10-20 वर्ग अन्तराल की निम्न वर्ग सीमा 10 तथा उच्च वर्ग सीमा 20 है।
प्रश्न 5.
वर्ग अन्तराल की चौड़ाई या माप किसे कहते हैं?
उत्तर:
उच्च वर्ग सीमा तथा निम्न वर्ग सीमा का अन्तर वर्ग अन्तराल की चौड़ाई (Width) या माप (Size) कहलाती है।

प्रश्न 6.
एक थैले में एक जैसी चार लाल गेंदें और दो पीली गेंदें हैं। थैले के अन्दर से बिना देखे एक गेंद निकाली जाती है। एक लाल गेंद. प्राप्त करने की क्या प्रायिकता है?
उत्तर:
घटना के कुल परिणाम 4 + 2 = 6; लाल गेंद प्राप्त करने के लिए परिणाम = 4, अतः लाल गेंद प्राप्त करने की प्रायिकता - 46=2346=23

https://www.evidyarthi.in/